# द्वारकाधीश मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा आज

**अभिजीत मुहूर्त में राधा-कृष्ण विग्रह की स्थापना**

**सिवनी नवभारत। सीलादेही स्थित सहज संतोष आश्रम परिसर में निर्माणाधीन द्वारकाधीश मंदिर में कलशारोहण और कुंभाभिषेक के साथ राधा-कृष्ण विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगी। द्वारका शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य सदानंद सरस्वती के हस्तों यह धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होगा।**







यज्ञाचार्य सनत कुमार उपाध्याय के अनुसार विभिन्न अधिवास की प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद न्यास पूजन और अंगपूजन की विधियां संपन्न की जा रही हैं। गुरुवार को दोपहर 11 से 1 बजे के बीच विशेष अभिजीत मुहूर्त में द्वारकाधीश मंदिर में राधा-कृष्ण विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इस दौरान शंख, घंटा, ढोल और नगाड़ों की ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं को राधा-कृष्ण की आकर्षक छवि के दर्शन कराए जाएंगे। आयोजन के अवसर पर सीलादेही ग्रामवासियों की ओर से मंदिर में 56 भोग अर्पित किया जाएगा।

### नि:शुल्क बस सेवा उपलब्ध

द्वारकाधीश मंदिर प्रतिष्ठा यज्ञ और भागवत आयोजन के लिए प्रतिदिन नि:शुल्क बस सेवा संचालित की जा रही है। यह बस सेवा दोपहर 1 बजे से रात 8 बजे तक मठ-मंदिर प्रांगण से उपलब्ध रहेगी। बस श्रद्धालुओं को आयोजन स्थल तक ले जाएगी और वापस छोड़ने की व्यवस्था भी रहेगी। प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजन स्थल पर प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रारंभ हो रहा है, जो देर शाम तक जारी रहता है। यहां श्रद्धालु शुद्ध सात्विक भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

### शंकराचार्य स्तंभ का लोकार्पण आज

गुरुवार शाम 4 बजे छिंदवाड़ा रोड पर गणेश मंदिर के समीप शंकराचार्य चौक में शंकराचार्य स्तंभ का लोकार्पण किया जाएगा। स्तंभ का लोकार्पण शंकराचार्य सदानंद सरस्वती के हस्तों होगा। स्तंभ के निर्माण के लिए विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधायक निधि से राशि उपलब्ध कराई है। व्यक्तिगत रुचि लेकर करीब 24 घंटे में स्तंभ को लोकार्पण के लिए तैयार कराया गया है। स्तंभ की डिजाइन सनातन धर्म के मानबिंदुओं और धार्मिक प्रतीकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। तीन चरणों में निर्मित स्तंभ पर ग्रेनाइट पत्थरों की सजावट की गई है। आगामी दिनों में स्तंभ पर अष्टधातु से बने दंड और कमंडल के प्रतीक चिन्ह लगाए जाएंगे तथा आकर्षक लाइटिंग भी की जाएगी।

### मुख्यमंत्री वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे

द्वारकाधीश मंदिर प्रतिष्ठा यज्ञ, भागवत और शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव का शामिल होना पूर्व से प्रस्तावित था, लेकिन विधानसभा सत्र के कारण उनका प्रत्यक्ष रूप से आना संभव नहीं हो सका। मुख्यमंत्री शंकराचार्य स्तंभ लोकार्पण कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## चोरी के मुख्य आरोपी सहित माल खरीदने वाला गिरफ्तार

**छपारा नवभारत।** नगर के जामा मस्जिद इलाके में हुई सूने मकान में चोरी के मामले में छपारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली जिसमें चोरी की वारदात के मुख्य आरोपी मोहम्मद फैज एवं जबलपुर के सारिका ज्वेलर्स दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में 24 फरवरी को पेश किया गया।



मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला नगर के एन एच 44 फोरलेन बायपास और जामा मस्जिद क्षेत्र में स्थित चमन बैटरी शॉप संचालक अल्ताफ अंसारी के घर विगत 28 जनवरी को रात्रि सूने मकान से नकदी सहित ज्वेलरी अज्ञात चोरों ने घर के गेट पर लगा ताला और मुख्य दरवाजे के ताला तोड कर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था पीड़ित के द्वारा दर्ज रिपोर्ट पर छपारा पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में छपारा थाना प्रभारी खेंमेंद्र कुमार जैतवार, साइबर सेल डाग स्क्वायड एवं जबलपुर क्राइम ब्रांच द्वारा गहन जांच में आखिर कार अनसुलझी पहेली व गुत्थी उक्त चोरी की वारदात से छपारा पुलिस द्वारा पर्दा उठा दिया गया जिसमें कथित वारदात के मुख्य आरोपी मोहम्मद फैज सहित जबलपुर सारिका ज्वेलर्स संचालक दोनों को चोरी का माल खरीदने एवं साक्ष्य छूपाने पर विभिन्न धाराओं के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## रेलमार्ग दोहरीकरण की स्वीकृति पर डॉ. बिसेन ने जताया आभार

**सिवनी नवभारत।** केन्द्र सरकार द्वारा गोंदिया जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की स्वीकृति पर पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है । ज्ञातव्य है कि इस रेल लाइन के दोहकरण के लिये पूर्व सांसद डां. बिसेन द्वारा अपने सांसद कार्यकाल में काफी प्रयास किये गये थे । उन्होंने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंटकर इस संबंध में पत्र भी दिया था, साथ ही गोंदिया जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की आवश्यकता को लोकसभा सत्र के दौरान आसंदी के समक्ष रखा था ।दोहरीकरण के लिये तत्कालीन जबलपुर सांसद राकेश सिंह द्वारा भी काफी प्रयास किये थे ।



डां. बिसेन द्वारा कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी केन्द्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव से पत्रचार एवं व्यक्तिगत भेंटकर नागपुर सिवनी नैनपुर एवं जबलपुर गोंदिया रेल मार्ग के दोहरीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया जाता रहा है । विगत दो माह पूर्व लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान अपने दिल्ली प्रवास पर डां. बिसेन ने रेल मंत्री से भेंट कर उन्हें स्मरण पत्र सौंपा तथा रेल बजट में शामिल करने का आग्रह किया था । गोंदिया जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण होने से उत्तर से दक्षिण की करीब 275 किलोमीटर की दूरी कम हो जायेगी तथा बालाघाट एवं सिवनी जिले को रेल सुविधाओं के विस्तार का लाभ मिलेगा । डां बिसेन ने कहा है कि नागपुर सिवनी नैनपुर रेलमार्ग के दोहरीकरण के लिये उनका प्रयास जारी रहेगा ।

## बंडोल समूह नल जल योजना से जलापूर्ति रहेगी बाधित

**सिवनी नवभारत।** प्रबंधक जल निगम सिवनी द्वारा बताया गया कि बुधवार 25 फरवरी को बंडोल समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम गोरखपूरकला में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के संविदाकार द्वारा खुदाई कार्य के दौरान योजना अंतर्गत 600 एम. एम. व्यास की डी. आई पाईपलाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे संबंधित 111 उच्च स्तरीय टंकीयो को भरा जाना संभव नहीं है। योजनांतर्गत 160 ग्रामों में सुधारकार्य पूर्ण होने उपरान्त तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग द्वारा संविदाकार एल. एण्ड टी. को सुधारकार्य हेतु निर्देशित किया गया है एवं क्षतिग्रस्त पाईपलाईन का प्राक्कलन तैयार का भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को भुगतान हेतु प्रषित किया जा रहा है।

## ओवरब्रिज निर्माण के दौरान पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन टूटी

**छपारा नवभारत।** एनएच 44 फोरलेन सड़क पर कई जगहों पर ऐसे स्थान जहां सड़क क्रासिंग पर अनेक दुर्घटना हो चुकी हैं उनमें एन एच ए आई द्वारा ओवरब्रिज निर्माण कार्य किए जाने हैं जिसकी शुरुआत नगर से दस किलोमीटर दूर ग्राम गोरखपुर कला के चौराहे से हुई है जहां पिछले कुछ दिनों से एन एच 44 फोरलेन पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को लेकर पहल शुरू कर दी गई वहीं सड़क किनारे ग्राम सुआखेड़ा से बंडोल स्थित श्रीवनी फिल्टर प्लांट को जाने वाली पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन वहां कार्यरत पोकलेन मशीन से कार्य के दौरान 25 फरवरी को दोपहर लगभग 5ः00 बजे फूट गई जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल संबंधित विभाग के आला अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन के रखरखाव हेतु अपनी गतिविधियों प्रारंभ कर दी गई ।



## आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**सिवनी नवभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित राष्ट्रीय कार्यबल में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण हेतु पहल के तत्वाधान में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान पर कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ.ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनीता भट्ट के नेतृत्व में आयोजित किया गया । प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश सरवैया द्वारा अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि आत्महत्या एक गंभीर समस्या है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहीं है ।यह एक ऐसी समस्या है, जिसे रोकने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। यदि तनाव बहुत अधिक है, तो महाविद्यालय में गठित परामर्शदाता समिति से संपर्क कर अपना समाधान प्राप्त करें। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रो. नरेंद्र कुमार भीमटे द्वारा छात्राओं को बताया गया कि स्वयं को अवसाद में डालने से अच्छा है, अपने समय प्रबंधन का ध्यान रखते हुए समय को व्यवस्थित करें और एक नियमित टाइम टेबल के अनुसार अपना अध्ययन जारी रखें ।

### एक नजर में

#### मैराथन दौड़ 28 को मिशन स्कूल से

सिवनी। डॉक्टर उत्तमचंद मालू स्मृति मैराथन दौड़ 28 फरवरी को सुबह7ः00 बजे प्रारम्भ होगी जो की बड़ा मिशन से प्रारंभ होकर गणेश चौक गांधी चौक नेहरू रोड नगर पालिका होते हुए बस स्टैंड पोस्ट ऑफिस गांधी गांधी भवन होते हुए मिशन स्कूल में समाप्त होगी। उत्तमचंद मालू वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से हर नागरिक हर अभिभावक हर विद्यार्थी और हर जिम्मेदार निवासी को एक महान उद्देश्य केलिए हाथ मिलाने का आमंत्रण देता है यह एक मेराथन नहीं यह आंदोलन है स्वच्छता की ओर एक आंदोलन है नागरिक जिम्मेदारी की ओर एक आंदोलन एक हरित ओर सेनी की ओर एक आंदोलन है।

#### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित



सिवनी।। शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 25 फरवरी 2026 को नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा नगर के उर्दू स्कूल प्रांगण सिवनी में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन प्रात: 11 बजे से सायं 05 बजे तक किया गया जिसमें नगरपालिका परिषद सिवनी की मूलभूत सुविधाओं का लाभ नागरिकों को प्रदाय किया गया। कानूनी बाध्यता के कारण आय प्रमाण पत्र प्रदाय, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, अदेय ड्यूज प्रमाण पत्र, मांग .पत्र अनुसार राशि जमा करने पर नवीन नल कनेक्शन प्रदान करना , अविवादित संपति का नामांतरण ;मृत्यु प्रकरणद्ध भवन नामान्तरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यकी विभाग सहित कुल 248 मामले में सुनवाई हुई। उक्त शिविर में नगर पालिका सिवनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सांसद कुलस्ते के प्रयासों से जबलपुर-गोंदिया रेलमार्ग को मिले 5236 करोड़

**उत्तर से दक्षिण को जोड़ने वाले जबलपुर-गोंदिया रेलखंड को मिली दोहरीकरण की स्वीकृति**

**घंसौर नवभारत।** मध्यप्रदेश के महाकौशल अंचल के लिए केंद्र सरकार का बजट सत्र खुशियों की सौगात लेकर आया है सुखद खबर यह है कि जबलपुर से गोंदिया के मध्य रेलवे जल्द ही दोहरीकरण करने जा रहा है जिसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को सरकार का भी साथ मिला है भारत सरकार के ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान बजट में जबलपुर गोंदिया रेलमार्ग को दोहरीकरण के लिए हरि झंडी दे दी गई है और इस पूरे दोहरीकरण के लिए विशाल बजट भी स्वीकृत किया गया है इससे पहले वर्ष 2023 में भारत सरकार की ओर से उक्त रेलमार्ग के दोहरीकरण कार्य के फाइनल सर्वे एवं संबंधित अन्य कामों को लेकर 477 करोड़ रूपये आवंटित किए गए थे जिसे पिछले दो वर्षों में सर्वे को पूरा भी कर लिया गया जिसके बाद 24 फरवरी 2026 को रेलवे मंत्रालय से क्षेत्र को खुशखबरी आई इस पूरे रेल मार्ग के दोहरीकरण कार्य के लिए क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा विशेष प्रयास किया गया उनके द्वारा पिछले दिनों कई बार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए अनुमोदन भेजा गया था जिसे रेल मंत्री द्वारा स्वीकृति दे दी गई है ।



### भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं ने माना सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का आभार

यूं तो मंडला सिवनी से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की लोकप्रियता का अंदाजा लगाना कोई बड़ी बात नहीं है सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते लगातार सात पंचवर्षीय से मंडला सिवनी लोकसभा सीट से चुनाव जीतते आ रहे हैं इतने बड़ा क्षेत्र होने के बावजूद भी सांसद कुलस्ते लगातार जनता के बीच में बने रहते हैं और यही बात उन्हें दूसरे नेताओं से अलग बनाती है वे एकलौते आदिवासी नेता हैं जिन्हें क्षेत्र की जनता बेहद पसंद करती है जबलपुर गोंदिया रेलमार्ग को लेकर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के प्रयास किसी से छुपे नहीं है सत्ता रही हो या न रही हो लगातार सांसद कुलस्ते द्वारा महाकौशल क्षेत्र में रेल परियोजनाओं के विकास की बात हमेशा से ही लोकसभा में बड़ी ताकत से रखी जाती रही है इस बार भी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का ही प्रयास रंग लाया और जबलपुर गोंदिया रेलमार्ग को दोहरीकरण जैसी सौगात मिल सकी इस पूरे प्रयास को लेकर न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी अपितु पूरा क्षेत्र सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की तारीफ कर रहा है भारतीय जनता पार्टी घंसौर द्वारा भी क्षेत्र के लाडले सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को क्षेत्र को बड़ी सौगात देने के लिए आभार दिया गया है घंसौर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला महामंत्री प्रमोद पटेल, देवेंद्र जैन ,रमाकांत चौकसे ,कोकलाल यादव,मुकेश तिवारी ,रामकिशन यादव ,सुरेन्द्र यादव ,भारत यादव ,जितेंद्र नेमा ,महेंद्र ग्रीयाम,पुरुषोत्तम गोमस्ता झामसिंह ठाकुर,राजेश यादव, आदित्य तिवारी ,सचिन जैन ,साहिल जैन ,लकी जैन,हीरा चक्रवर्ती ,नीरज बर्मन, नितिन पटेल ,विनोद रजक सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने साधुवाद दिया है।

### परियोजना विवरण

कुल रूट लंबाई- 231 किमी
ट्रैक लंबाई- 258 किमी
अनुमानित लागत : 5,236 करोड़
परियोजना अवधि : 5 वर्ष
प्रभावित जिले : गोंदिया (महाराष्ट्र), जबलपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट (मध्य प्रदेश)
वन्यजीव अंडरपास एवं फेंसिंग हेतु प्रावधान-450 करोड़

**इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषताएं**

1 महत्वपूर्ण पुल (नर्मदा नदी पर)
65 बड़े पुल
369 छोटे पुल
28 लेवल क्रॉसिंग
88 आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज)

## नौकरी दिलाने के नाम पर 29 लाख की ठगी, दो भाई गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** एफसीआई विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 29,01,030 रुपये की ठगी करने वाले दो सगे भाइयों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी सुनील शेल्के (50) और रवि शेल्के (62) निवासी नेहरू रोड, सुभाष वार्ड सिवनी ने तीन युवकों से नौकरी व सरकारी विभाग में वाहन लगाने के नाम पर रकम लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किए थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने एक मोबाइल, सिम कार्ड, फर्जी नियुक्ति पत्र व बैंक दस्तावेज जब्त किए हैं।

## आज यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

**सिवनी नवभारत।** 26 फरवरी को शंकराचार्य चौक (छिंदवाडा चौक) पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था बदलाव रहेगा। गुरूवार को छिंदवाडा चौक मे शंकराचार्य चौक का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजन किया जाना है, इस संबध मे शहर की यातायात व्यवस्था इस प्रकार रहेंगी। बसो के आवागमन रूट-(दोपहर 02.00 बजे से अग्रीम आदेश तक। छिंदवाडा, नागपुर व कंटगी से आने व जाने वाली बसे नगझर बायपास होते हुये बस स्टेण्ड आयेंगी व इसी रूट से वापस जायेंगी अथवा छिंदवाडा ब्रिज बायपास से ही संचालित होगी। किंतु छिंदवाडा चौक की ओर प्रवेश पूर्ण-प्रतिबंधित रहेगा। इस दिन शंकराचार्य चौक के आयोजन के दिन सुबह 07.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक भारी व मालवाहक वाहनों के लिये शहर मे प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

शंकराचार्य चौक कार्यक्रम पर आयोजन के दौरान छिंदवाडा चौक से मठ मंदिर, छिंदवाडा चौक से नगर पालिका तक यातायात का अत्याधिक दबाव होगा अत: अपने सामान्य कार्य के लिये आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें एवं उक्त मार्ग पर चार पहिया वाहन का उपयोग करने से बचें।

**नाम सुधार सूचना**

मै, गंगा पत्नी काशीराम सनोडिया, जिला-सिवनी की निवासी हूँ। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गंगा और DOB 01/01/1953 है। जबकि मेरे पुत्र हवलदार क्लर्क लेखराम सनोडिया (Army No 9108838 A) के सर्विस रिकार्ड में गंगा वाई सनोडिया दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम सुधार कर गंगा लिखा एवं पढ़ा जाए।

**कार्यवाही** — नागपुर कत्लखानां ले जा रहे 39 गौ-वंश को कराया गया था मुक्त, पुलिस को पीछा करते देख मौके से भागे थे 3 आरोपी

# कोतवाली पुलिस ने फरार गौ-वंश तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गौवंश तस्करी व अवैध परिवहन पर न केवल संवेदनशील हैं अपितु गौवंश तस्करों पर लगातार कार्रवाई हेतु सक्त हैं, जो इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के कुशल मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली टीम के द्वारा दिनांक 01/02/26 को एक कंटेनर से 39 नग गौ-वंश को मुक्त कराया गया।



उल्लेखनीय है कि दिनांक 01/02/2026 की रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि गौ-वंश तस्करों द्वारा बंडोल की ओर से एक बारह चका ट्रक वाहन में अवैध रूप से गौवंशो को क्रूरता पूर्वक ठूस-ठूसकर भरकर कत्ल खाने नागपुर तरफ ले जा रहे है जो सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा ग्राम सिमरिया पुलिया के पास रोड पर नाकाबंदी के दौरान उक्त संदिग्ध ट्रक का का पीछा करने पर ट्रक का चालक एवं उसके साथी पुलिस को देखकर एक नग गाँवश को रोड़ के किनारे छोडकर ट्रक को तेजी से चलाकर नरेला से पुसेरा, अमरवाड़ा रोड़ की ओर ट्रक को लेकर भागने लगे जिसका पीछा करने के दौरान निकटवर्तीय थाना लखनवाडा एवं चौरई के पुलिस स्टाफ की सहायता से ट्रक को छिन्दवाड़ा रोड ग्राम समसवाड़ा थाना चौरई के पास आरोपियो के द्वारा रोड़ के किनारे खड़ा करके ट्रक से कूदकर खेतो की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये थे जो ट्रक क्रमांक ख्क्व09 ।।त्र3058 के डाला के अंदर कुल 38 नग गौवंश जिनके गर्दन, मुंह, पैर, रस्सियों से क्रूरता, निर्दयतापूर्वक, बंधे होना पाये जाने से मौके की समुचित कार्यवाही के दौरान कुल 39 गौ वंश एवं ट्रक को जप्त कर आरोपियो के विरूध्द सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण कि विवेचना के दौरान थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा फरार आरोपियो की तलाश पतासाजी कर वाहन चालक साजिद खान निवासी अल्फा मेडिकल के पास सिवनी एवं वाहन स्वामी महेन्द्र बारापात्रे निवासी नागपुर को दिनांक 21.02.2026 को गिर. कर न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया, प्रकरण में फरार एक अन्य आरोपी समद खान की तलाश जारी है। आरोपी मो. साजिद खान पिता मो. सादिक खान उम्र 40 वर्ष निवासी अल्फा मेडिकल के सामने संजय वार्ड सिवनी, महेन्द्र बारापात्रे पिता रामभाउ बारापात्रे उम्र 34 वर्ष निवासी विनोबा भावे नगर थाना श्योधरा नगर नागपुर महाराष्ट्र के कब्जे से कंटेनर व 39 गौवंश जप्त किया है।

इस कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयदीप सेंगर, प्र.आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, आर. सिध्दार्थ दुबे, प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया मुकेश चौरिया, सौरभ ठाकुर, विसराम धुर्वे, इरफान, सतीश इनवाती, प्रतीक बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।



## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**केवलारी नवभारत।** पुलिस थाना परिसर में आशीष भराडे एसडीओपी ,प्रीतम सिंह तिलगांम थाना प्रभारी ने दिनांक 25 फरवरी 2026 को थाना परिसर में नगर के गणमान्य नागरिको, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक मे दिनांक 3 मार्च 2026 को होलिका दहन 4 मार्च को धुरेड़ी पंचमी पर और रमजान माह और ईद पर्व मैं शांति सौहार्द्रता वातावरण से मनाए जाने के लिए करके उपस्थित नागरिकों और अधिकारियों के बीच पर परिचर्चा हुई। अरुण चौरसिया ने बताया कि वर्तमान समय में परीक्षाये चल रही है जिसमें डीजे व साउंड सिस्टम पूर्णतः प्रतिबंधित होना चाहिए। एसडीओपी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाए जो भी माहौल बिगाड़ने की कोशिश करें उस पर सशक्त करवाई की जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से नीलेश तिवारी जेई मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण, देवीसिंह बघेल जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी सिवनी , शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, अनूप बघेल मंडल अध्यक्ष भाजपा, सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, रफीक खान अध्यक्ष पत्रकार संघ, रामशरण प्यासी, महाराज, अरुण चौरसिया, संतोष मोदी अध्यक्ष व्यापारी संघ, रमाशंकर महोबिया , दिलीप दुबे, राकेश आत्मपूज्य, अशोक बंदेवार ,प्रवीण दुबे, राजू मेहरा, बबलू खान पत्रकार ,पवन यादव अधिवक्ता, केवलारी, नरेश बघेल, शंकर दास वैष्णव,ओम विश्वकर्मा आबिद खान, असलम खान, सहित अन्य नागरिकों की उपास्तिथी थी।